**भारत सरकार**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**
**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. **1451** जिसका उत्तर
शुक्रवार, **28 जुलाई**, 2023/6 श्रावण, 1945 (शक) को दिया जाना है

**फेरी-नौका सेवा**

**1451. श्री एस. रामलिंगम:**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच फेरी-नौका सेवा आरम्भ करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और यदि हां, तो प्रक्रिया के चरणों की स्थिति/उस पर सरकार द्वारा दी गई उत्तरवर्ती मंजूरी सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केन्द्र सरकार तमिलनाडु द्वारा प्रस्तावित फेरी-नौका सेवा परियोजना को वित्तपोषित करने के लिए सहमत है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क):** जी, नहीं। सरकार ने तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच नौका सेवा शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी नहीं दी है।

**(ख) और (ग):** तमिलनाडु समुद्री बोर्ड से 27.32 करोड़ रु. की अनुमानित लागत पर "रामेश्वरम (भारत) से थलाईमन्नार (श्रीलंका) - 26 समुद्री मील की यात्री नौका सेवा तत्काल शुरू करने के लिए रामेश्वरम में अवसंरचना तथा अनुषंगी सुविधाओं का विकास" के संबंध में एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। इस मंत्रालय में प्रस्ताव की जांच की गई और दिनांक 12.07.2023 को टीएनएमबी से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) मांगी गई है, जिसमें जलीय सर्वेक्षण, भू-तकनीकी रिपोर्ट, रेल/सड़क संपर्कता विवरण के साथ विस्तृत विन्यास शामिल हो।

नागापट्टिनम पत्तन में अवसंरचना के उन्नयन हेतु विदेश मंत्रालय 8 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है।

****